# CHAPTER 34

# MUSIC

## Doctoral Theses

01. AGGARWAL (Aditi)
**Autobiography and Self-Portraiture the Way Contemporary Artists of Delhi NCR Explore the Concept of Identity.**
Supervisors: Dr. Sumita kathuria and Prof. Jyotika Sehgal
Th 25853

*Abstract*

The challenge of creating their own likeness has proved irresistible to an artist. Branching from Portraiture, self-portraiture as a genre came to be established much later. But it is essential to remember while going through its historical background that, like other arts, Self-portraiture also went through the various world art movements, with motives of new expression, experimentation, or change in execution, which reflect the taste and style of the era. Though self-portraiture was not so popular a subject until Renaissance, the seeds were sown much earlier. Self-portraiture is a more than 4000 years old subject and begins right from the ancient period in art history. "I HAVE A FACE, BUT A FACE IS NOT WHAT I AM" Behind it lies a mind that you do not see but looks on at you. This face that you see, but I do not, is a medium I own to express something of what I am. Or so it seems till I turn to the mirror, then my face may appear to own me, to confront me as a condition to which I am bound." - Julian Bell in 500 Self-Portraits. A self-portrait represents an artist drawn, painted, photographed or sculpted by the artist himself. Each image is a work of art and a rigorous exploration of psychology and self-perception. The human desire to see oneself or one's image is attested by the ancient world's belief that the individual spirit was contained in their reflection, leading to the mythical story of Narcissus. Ovid recounts this legend in Metamorphoses, which is of a handsome youth and the nymph who loved him, Echo, whose love is not reciprocated. As Narcissus's punishment for spurning Echo, the goddess Juno makes him fall in love with his reflection gazing back at him in a pool. Since the fifteenth century and the advent of the mirror, artists have modelled for themselves in their works of art. Nearly every artist, from painters to sculptors, has attempted this self-exploration.

*Contents*

1. Introduction 2. Indian account of self-portraiture 3. Environment and society and its effect on the visual language while exploring identity as explored by Delhi NCR based artists 4. Psychological identity and the different expressions 5. Conclusion. Image gallery. Table of figures/images. Glossary. Bibliography. Certificates and letter mentioning the published research papers and presentations.

02. AGGARWAL (Meghna)
**Art Architecture & Culture During Najib-Ud-Daulah.**
Supervisor: Prof. Amargeet Chandok

Th 25836

*Abstract*

The Methodology of the present study is based on in-depth research work, interviews and field trips. As far as the field surveys are concerned, all the architectures built during the time period of Nawab Najib-ud-Daulah have been surveyed by the researcher and the data collected through the survey have been included in the work. The researcher also made frequent trips to the various architectures built in the cities of Najibabad, Sukkartal and Ghausgarh for analyzing the structures in terms of design, carving and their measurements. In addition to the field surveys, the researcher also took interviews of the 9 th generation of Nawab Najib-ud-Daulah, the darners of Najibabad, the wood carvers of Najibabad and wheel makers of Najibabad. Apart from surveys and interviews, the primary and secondary sources available in form of books, journals, blogs have also been consulted for the research. Therefore, the present study is based on observation, regional history, the use of archival material, books, gazetteers, historical documents, interviews of different people and field surveys. The hypothesis for the present research states the representation of forms of flowers and animals in the architecture, art and coins which have distinct method of portrayal and the principles of which can be a source for the forms in contemporary art world. The hypothesis for the research also mentions the designs of shawls of that time which have a sense of modern art. In the present study the area of survey includes the city of Najibabad built by Nawab Najib-ud-Daulah. The objectives of the research have helped the researcher in achieving the desired results. The main aim and objective for conducting the research includes the exploration of the architecture and art done during the time period of Nawab Najib-udDaulah. The main objective for conducting the research is also that the researcher belongs to the city of Najibabad therefore, the researcher wants the city’s art and architecture to be known to the world before it is completely lost in the past. The objective is also to find out the resemblance among the shawl designs and wood carvings done during the time period of Nawab Najib-ud-Daulah with that of the designs made in present times in Najibabad. The objective of the research is also to know the reason why Najibabad was an important city in the Rohilkhand region and what was the role of Nawab Najib-udDaulah during the post Mughal era. The aim for conducting the research is also to know why the coins of the Mughals were minted in Najibabad and what was the culture 2 prevalent during the time period of Nawab Najib-ud-Daulah. The present study is on the Art, Architecture and Culture that was prevalent during the time period of Nawab Najibud-Daulah.

*Contents*

1. The historic context and culture 2. Architecture built during Najib-Ud-Daulah era 3. Art done during Najib-Ud-Daulah era 4. Najib-Ud-Daulah's lineage till date 5. Research methodology & findings 6. Conclusion & areas of future research. Bibliography. List of figures. Appendices. Certificates/published research papers.

03. आशिक कुमार

**उत्तर भारतीय संगीत मे ग्वालियर घराने की अष्टांग गायकी का वर्तमान परिपेक्ष्य मे विश्लेषणात्मक अध्ययन।**

निर्देशक: डॉ° सुरेन्द्र नाथ सोरेन

Th 25834

*सारांश*

ग्वालियर संगीत की भूमि मानी जाती है। यहा की सांगीतिक परंपरा बहुत प्राचीन है जो तोमर वंश के बहुत पूर्व से ही अत्यंत समृद्धशाली रही है। ग्वालियर के राजा मान सिंह तोमर का नाम भारतीय संगीत के इतिहास मे स्वरणधारों मे अलंकारत है। उन्हे शास्त्रीय गायन शैली ध्रुपद का पितामह भी कहा जाता है। ग्वालियर मे तोमर वंश के बाद सिंधिया राजवंश का आगमन हुआ। सिंधिया शासन काल मे दौलत राव सिंधिया के समय मे गायन वादको का समूह ग्वालियर मे एकत्रित होने लगा, परंतु उस समय तक ध्रुपद पीछे हट चुका था और खयाल शैली का प्रचार प्रसार अधिक होने लगा। आध्ययन की सुविधा हेतु शोध को चार भागो मे बाटा गया है।

*विषय सूची*

1. ग्वालियर घराने का उद्गम विकास एवं गायकी का स्वरूप और विशेषताएँ 2। ग्वालियर घराने की अष्टांग गायकी 3. ग्वालियर घराने की कुछ प्रचलित /अप्रचलित बंदिशों की स्वरलिपि 4. ग्वालियर घराने के कुछ मूर्धन्य कलाकारो की अष्टांग गायकी तथा वर्तमान परिपेक्ष्य मे उसकी प्रासंगिकता. उपसंहार. परिशिष्ठ। संदर्भ ग्रंथ सूची.

04. KANNAN (Tara)

**Analytical Study of the Compositions of Pt. Jagannath Buwa Purohit.**

Supervisor: Prof. Ojesh Pratap Singh

Th 25850

*Abstract*

Indian classical music has been generously gifted with great musicians and composers (Vaggeyakar) over time immemorial. These composers have made themselves immortal through their beautiful compositions. The last century too was gifted with such composers, out of which, Pt. Jagannath Buwa Purohit (1904 - 1968) is referred to with reverence. He was not only a great performer but also a great composer. He composed many compositions in various 'taals' and 'ragas. Not only that, but he has also created some new rāgas and composed 'bandishes' (compositions) in them. His compositions bear his pseudonym 'Gunidas'. These compositions have been widely adored and accepted by musicians, irrespective of their styles and are performed with great enthusiasm. 'Buwa' is a term used to address an expert musician and he is also fondly remembered as Jagannath Buwa in the field of Hindustani music. Buwa resided in Kolhapur and later shifted to Mumbai. Since his stay in Mumbai, the famous singer-actor Pt. Ram Marathe became his disciple and went on to learn music from him for fifteen long years. Pandit Ram Marathe further passed on the knowledge to many others, including one of his foremost disciples

being his sonin-law, Pt. Pradeep Natekar. It has been my good fortune to have Pt. Pradeep Natekar as my Guru and to be a part of Pt. Jagannath Buwa Purohit's tradition. It is my humble attempt to bring to light an analytical perspective of a few selected compositions of Buwa. 2 The objective of this work is an in-depth study including an analysis, of Pt. Jagannath Buwa's style pertaining to various varieties of his compositions, in terms of 'tala' (rhythm), Rāga structure, tempo, literary content and other factors that influenced his compositions. He is credited with the creation of a couple of self-created Rāgas too. Analyzing their compositions and their treatment in performing parlance considering the views of various stalwart musicians is an integral part of this study.

*Contents*

1. Pt. Jagannath Buwa Purohit's life and character 2. Pt. Jagannath Buwa Purohit's gayaki 3. Analysis of select composition in popular ragas 4. Composition in self-created and rare ragas. Conclusion. Bibliography.

05. कविता
**बिलावल थाट के रागो का क्रियात्मक एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन : वाध संगीत के विशेष संदर्भ मे ।**
निर्देशक: प्रो. अनुपम महाजन
Th 25835

*सारांश*

प्रस्तुत शोध प्रबंध बिलावल घाट के रागो के क्रियात्मक एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन : वाध संगीत के विशेष संदर्भ मे बिलावल घाट के अंतर्गत आने वाले प्रातःकालीन एवं सांयकालीन प्रचलित एवं अप्रचलित रागो के क्रियात्मक प्रचलित स्वर स्वरूपो का अध्ययन किया गया है ।बिलावल घाट के अंतर्गत आने वाले रागो का विस्तृत अध्ययन करते हुए सितार के विभिन घरानो से प्राप्त बिलावल घाट के रागो की बंदिशों का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है । प्राथमिक स्त्रोत के अंतर्गत साक्षात्कार ग्रंथ नोटेशन एवं अवलोकन का प्रयोग किया गया है।

*विषय सूची*

1. भारतीय शास्त्रीय संगीत मे राग का संक्षिप्त विवरण 2. थाट एवं बिलावल थाट की ऐतिहासिक पृष्टभूमि 3. बिलावल थाट के प्रातः कालीन प्रचलित प्रकार 4. बिलावल थाट के सांयकालीन प्रचलित प्रकार 5. बिलवाल थाट के प्रातःकालीन एवं सांयकालीन अप्रचलित प्रकार. उपसंहार. संदर्भ ग्रंथ सूची.

06. कांडपाल (अनुपमा)
**आगरा घराने के परंपरा मे प्रमुख वाग्येयकारो की रचनाओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन।**
निर्देशक: प्रो. ओजेश प्रताप सिंह
Th 25838

*सारांश*

भारतीय संगीत के संदर्भ में गुरु–शिष्य परम्परा का अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान है। प्राचीन काल से ही संगीत विद्या का शिक्षण–अध्ययन मौखिक रीति से ही होता आया है। इसके अंतर्गत

विशिष्ट गुरुजन की निजी विशिष्ट गायन शैलियों का, उनकी शिष्य–परंपरा द्वारा प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अभ्यास एवं प्रचार–प्रसार किया जाता रहा और विभिन्न गायन शैलियों का निर्माण हुआ। ध्रुवपद गायन में नौहार बानी, खंडहार बानी, डागुर बानी, गोबरहारी बानी तथा ख़्याल गायकी के विभिन्न घरानों का उद्‌भव इसका प्रमाण है। 'घराना' का शाब्दिक अभिप्राय–वंश अथवा ख़ानदान से है किन्तु सांगीतिक संदर्भ में घराना का अर्थ है– किसी एक गुरु की पीढ़ी–दर– पीढ़ी शिष्य परम्परा जिसमें उनकी गायन अथवा वादन की विशिष्ट शैली का सतत निर्वहन होता हो। हिन्दुस्तानी संगीत में ख्याल विधा के विकास एवं प्रचार–प्रसार में विभिन्न घरानों की गुरु–शिष्य परम्परा का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण योगदान है। आधुनिक युग में ख्याल के प्रमुख घरानों में एक आगरा घराना भी है जो कालान्तर में नौहारी बानी के गायकों की परंपरा में उद्‌भूत तथा विकसित हुआ। विभिन्न घरानों के अनेकानेक विद्वान एवं सृजनशील कलाकारों ने न केवल अपनी विशिष्ट गायकी, अपितु अपनी रचनाओं द्वारा भी हिंदुस्तानी संगीत को समृद्ध एवं पुष्ट किया है। इस संदर्भ में ख्याल के आगरा घराने का नाम विशेष उल्लेखनीय है जिसकी शिष्य–परम्परा में अनेक उत्तमोत्तम वाग्गेयकार अर्थात् गायक एवं रचनाकार हुए हैं जिन्होंने अपनी उत्कृष्ट एवं श्रेष्ठ रचनाओं द्वारा संगीत के भंडार को समृद्ध किया है। आगरा घराने का ऐसी असंख्य उत्तम रचनाओं अथवा बंदिशों के रूप में हिन्दुस्तानी संगीत का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है।

*विषय सूची*

1. आगरा घराना 2. वाग्येयकार 3. आगरा घराने के कतिपय प्रमुख वाग्येयकार एवंम उनकी कुछ रचनाएँ 4. आगरा घराने के कतिपय अन्य प्रसिद्ध वाग्येयकार एवं उनकी प्रमुख रचनाएँ. उपसंहार। संदर्भ ग्रंथ सूची.

07. GUPTA (Manishi)
**Evolving Communication Design in Social Media in India Scenario.**
Supervisor: Prof. B.S.Chauhan
Th 25852

*Abstract*

Inception of Internet, social media and social media marketing are the central point of this research. The thesis further seeks to add to the understanding of the dynamics of social media marketing, brands and audience relationships, user behavior, user's bifurcation on various social media platforms, current trends to target audiences and Gen Zers. The study also contributes to the understanding of communication design (also known as graphic design), the multiple challenges that designers face to design for various social media platforms as per each platform specifics/demographics and audiences of varied nature. It also provides the solution of these challenges and how brands can form a healthy relationship with their audiences. The study also aims at how social media platforms, which were conceived for networking, have become a hub for marketers to reach and target every audience there. The study also covers or unfolds the reason as why people use these platforms and total number of people all over the world and in India using these platforms for networking or for other uses. The study also discusses the market shift from traditional to social media, which is very evident in current times. The study was conducted using

descriptive and exploratory research technique, where the first technique was used to describe about the Internet and social media and later one was used to explore the user behavior, their bifurcation on various platforms and challenges brands are facing to market social media audience. To further explore the study, survey was done using purposive and snowball sampling technique. Two questionnaires were prepared, one for brands/advertisers and another for social media users. First questionnaire was sent to 100 respondents out of which 96 responded and second was sent to 250 respondents out of which 239 responded. The insights drawn from the answers are mentioned in results and findings in chapter 3 and chapter 4.

*Contents*

1. Evolution of communication design 2. Role of social media in society 3. Research methodology of social media 4. Classification of users for social media 5. New Challenges in verbal and non-verbal communication in social media. Bibliography. List of tables. List of figures. Appendix. Certificates/ Research paper.

08. GHAFFARI (Fakhroddin)
**Comparative Study of Indian and Persian Musical Instruments with Special Reference to Sitar, Sehtar, Tabla and Tombak.**
Supervisors: Prof. Suneera Kasliwal and Prof. Ananya Kumar Dey
Th 25849

*Abstract*

In this research work I have attempted to bring forward the similarities between four of the instruments of India and Iran, through historical survey and performance-based analysis. The historical survey on the Sitar and Sehtar showcases different theories on the origins of Sitar under various major headings, i.e. Sitar an Indigenous Indian Chordophone, Sitar a Hybrid Instrument. This is followed by history of Sehtar and the anscetral instruments of Sehtar and Sitar which are the Indian Veenas and the Central Asian lutes, Dutār and Tanbour. Chapter two and three are on the playing techniques of Sitar and Sehtar respectively. Through this study all the playing techniques of both the instruments and teaching methodology are discussed; showing the connection between these two instruments in performance. Chapter four is a historical study of Tabla and Tombak. After an overview on percussion instruments and their classification systems, different theories on the origins of tabla have been dealt with followed by a historical survey into the Tombak. The history of the development of both the instruments through playing styles have also been spoken about in this chapter. Chapter five and six are on the playing techniques of Tabla and Tombak. In these two chapters all the playing techniques of both the instruments have been described elaborately through figures and pictures. This is followed by teaching methodology and techniques in repertoire encompassing the analysis of compositional forms such as kaydās through which similarities in concept and thought process between the Tabla and Tombak are throw light upon.

*Contents*

1. Historical survey into sitar and sehtar 2. Sitar playing techniques 3. Sehtar playing techniques 4. Tombak and table, a historical survey 5. Tabla playing techniques 6. Tomabak playing techniques. Conclusion. Bibliography.

09. DASHORA (Anjali)

**Environmental Graphic Design; Exploring Graphical and Psychological Dynamics of Public Transit Signages in Jaipur.**

Supervisor: Prof. B.S. Chauha

Th 25854

*Abstract*

Signage and wayfinding are two of the most essential elements of a constructed environment. Visual clues in the form of signage inform an individual's navigation abilities in an unfamiliar environment, both indoors and outdoors. Signage can be defined as a visual information device comprising of signs, symbols, colors, images and typographic elements. Signage uses graphic design for informing and instructing anyone who wishes to navigate a particular space. The consistent migration to cities and expansion in transport services have led to an increase in complexity and categorization in transportation terminals. It is necessary for a public transit facility to be accessible and comfortable in order to encourage the masses to switch from private to public transport. Hence, specifying correct information at strategic locations, exhibited in a clear manner, makes transit decisions convenient and easy. The understanding of the various factors that influence the information perception and wayfinding preference will help authorities to develop safe and efficient transit environments. A well-designed signage system assists users to feel relaxed and secure, and simplifies their transit. The present study explores the role of signage and wayfinding in assisting transit users. It is an initiative to understand the role of signage as visual clues and aims to find out whether the current transit signage system in Jaipur is efficiently communicating information and aiding smooth movement among a varied multilingual, multi-cultural and skewed literacy rate commuters/travelers. This study explores the physical and psychological impact of the current signage system on transit users at four major public transit places in Jaipur i.e., the Jaipur Junction Railway Station, Metro Station, Sindhi Camp Bus Terminal, and International Airport. The usability and drawbacks of the present signage system were studied through both physical analysis and psychometric analysis. The physical analysis included the evaluation of human ergonomic factors like visibility, readability, noticeability and legibility. The psychological aspect was explored by means of a survey on transit users and staff conducted on all transit places selected for the study. The current signage system was evaluated for its effectiveness through a survey, and feedback was collected on the improvement of the navigation process inside transit spaces. Essentially, the study focuses on finding out the role of signage as visual clues initiating a barrier-free communication and navigation at transit places. Hypothesis were framed to

understand and compare responses based on demographics of respondents. It investigates the role and usefulness of environmental graphics/ signage systems implemented inside and outside the building area as a tool to educate visitors and promote better awareness among them. Results revealed the influence of literacy, gender, age, culture, and frequency of visits on wayfinding abilities within the transit places. It was also found that there is a severe lack of uniformity within the four transit terminals. Adherence to international standards of signage is also absent in most places, barring the airport and metro areas. This study will be valuable in reducing the stress level of passengers, reducing the congestion of transit places, and hypothetically saving considerable time for both transit staff and travelers. The results of this study will not only help in improving the current signage but will also provide parameters for effective and efficient signage in the Indian context. Hopefully, this study will help in identifying the exact usability of signage system in terms of their effectiveness in reaching the desired objective.

*Contents*

Introduction 2. Environmental graphic design 3. The Indian scenario of environmental graphic design 4. Research methodology 5. Research findings 6. Summary & conclusion. Bibliography. Questionnaire 7. List of paper presentation and paper publication.

10. रविपाल

**आचार्य कैलाशचंद्र देव बृहस्पति का हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत मे योगदान** ।

निर्देशक: प्रो. राजीव वर्मा

<u>Th 25840</u>

*सारांश*

परंपमरा भारतीय शास्त्रीय संगीत का अभिन्न अंग है। परंपरा ही पुरातन संगीत को वर्तमान संगीत से संयुक्त करती हैं। पृथक करती है तथा विभाजक रेखा के भूमिका भी निभाती है । प्राचीन काल से ही संगीत मे अनेक महान संगीताग हुए जैसे भारत मुनि, शारंग देव,पशर्वदेव इत्यादि जिनहोने संगीत शास्त्र व उसके क्रियात्मक पक्ष गूढ रहस्योको अपने सिद्धांतों के आधार पर कर संगीत जिज्ञासुओं का मार्गदर्शन किया हैं। संगीतज्ञों की इस परंपरा मे एक नाम आधुनिक काल के आचार्या कैलाश चंद्र देव बृहस्पति जी का भी है। आधुनिक युग के चिंतक स्वर्गीय आचार्या बृहस्पति के कार्यो पर या यूं कहे के हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत मे उन के योगदान पर अध्ययन करना एक विशेष कार्य हैं।

*विषय सूची*

1. व्यक्तित्व 2. शास्त्रकार के रूप मे 3. क्रियात्मक रूप में 4. शिक्षक के रूप में 5. उपसंहार. परिशिष्ठ. संदर्भ ग्रंथ सूची.

11. पूर्णिमा

**अलंकार का ऐतिहासिक विवेचन एवं वर्तमान संदर्भ मे पारंपरिक सरिकयुक्त तंत्री वाधों मे औचित्य : विश्लेषणात्मक अध्ययन** ।

निर्देशक: प्रो. अनुपम महाजन

Th 25832

*सारांश*

सृष्टि के आविर्भाव से ही संगीत प्रकृति के कण कण मे बसा हुआ है, एवं सृष्टि की सभी गतिविधियो मे व्याप्त भी है। हमारे देश मे संगीत को सभ्यता एवं संस्कृति के अभिन्न अंग के रूप मे माने जाने वाले की परंपरा है। साथ ही धर्म एवं आध्यात्म से भी गहरा संबंध माना जाता है , इसलिए ही नाद को ब्रहमस्वरूप माना जाता है। वैसे तो भारतीय संगीत अत्यंत विशाल एवं व्यापक विषय है। इसके हर अंग पर शोध किया जा सकता है परंतु संगीत मे सितार वाध की छात्रा होने के कारण वाधों मे रुचि होना स्वाभाविक ही है। अलंकारो के प्रयोग को यदि हम देखे तो पता चलता है की प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक संगीत मे निरंतर अलंकारो का प्रयोग होता रहा है। प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक के सभी प्रमुख ग्रंथकारो ने अलंकारो की महत्ता पर प्रकाश डाला है एवं ग्रंथकारो ने विभिन्न प्रकार के अलंकारो की अपने ग्रंथो मे व्याख्या एवं प्रयोग की विधि बताई है।

*विषय सूची*

1. अर्थ एवं महत्व 2। प्राचीन काल मे वर्णित अलंकार 3. मध्य से आधुनिक काल तक वर्णित अलंकारो का विवेचन 4. वाध संगीत मे अलंकारो का प्रयोगात्मक पक्ष 5. सरिकयुक्त तंत्री वाध वीणा एवं सुरबहार मे अलंकार प्रयोग 6. सितार वाध मे अलंकार प्रयोग. उपसंहार. संदर्भ ग्रंथ सूची.

12. पूनम रानी

**हरियाणा प्रांत के लोक कलाकारो का संगीत योगदान: एक अध्ययन ।**

निर्देशक: प्रो. राजीव वर्मा

Th 25841

*सारांश*

संगीत शब्द का अभिप्राय गायन, वादन, नृत्य तीनों कलाओ से हैं। संगीत शब्द का शाब्दिक अर्थ है सम +गीत अर्थात सम और गीत शब्दो मे सम उसर्ग लगाने से संगीत शब्द की उत्पत्ति है। सम शब्द का अर्थ है अच्छा व गीत का अर्थ है गायन इससे लोकसंगीत का अर्थ हुआ अच्छे ढंग से गया जाने वाला गीत जो सम्पूर्ण आनंद की प्राप्ति का स्त्रोत हैं । आदिकाल के संगीतचार्यो ने संगीत को दो भागो मे बांटा है -मार्गी व देशी संगीत तथा देशी संगीत को आगे भी दो उपभागो मे बांटा हैं- शास्त्रीय संगीत व लोकसंगीत । लोकसंगीत जैसा की नाम से ही विदित होता है लोगो का संगीत।जो नियमो मे बांधकर उन्मुक्त रूप से आम जनता के दिलो पर छाया रहता है। लोक कलाकारो के इनहि योगदान को गहराई से जानने की इच्छा मेरे मन मे उठी और अपने निर्देशन मे प्रो॰ राजीव वर्मा के सुझाव पर हरियाणा प्रांत के लोक कलाकारो का सांगीतिक योगदान: एक अध्ययन इस विषय पर अपने शोध प्रबंध को लिखने का निश्चय किया। इसमे हरियाणा प्रांत के ऐतिहासिक से लेकर आधुनिक पृष्टभूमि तथा हरियाणा का लोकसंगीत एवं प्रौढ़ एवं युवा कलाकारो के योगदान पर कार्य किया गया है। अंत मे उपसंहार के रूप मे सभी अध्यायों का निष्कर्ष किया गया हैं।

*विषय सूची*

1. हरियाणा प्रांत के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि 2. हरियाणा प्रांत मे लोक संगीत की परंपरा 3. हरियाणा प्रांत के लोकसंगीत मे प्रयुक्त परंपरागत वाध एवं उनका चित्र सहित विवरण 4. हरियाणा प्रांत के लोक गायक वादक

कलाकारो का सांगीतिक योगदान 5. हरियाणा प्रांत मे वर्तमान समय के कुछ प्रसिद्ध लोक कलाकारो के साक्षात्कार का परिणाम, निष्कर्ष एवं सुझाव. उपसंहार. संदर्भ ग्रंथ सूची.

13. बरखा

**भारतीय संस्कृति का संगीत से अन्तः संबंध ।**

निर्देशक: डॉ. राजपाल सिंह

Th 25839

*सारांश*

संस्कृति समाज का दर्पण होती है तथा समस्त कलाएं संस्कृति का दर्पण । संगीत के गाड़ना ललित कलाओ मे की जाती हैं। अतः उसमे संस्कृति के झांकी एकरूपता ,सामाजिक धार्मिक मनयताओ और परम्पराओं तथा आध्यात्मिक आदर्शो का निहित रहना स्वाभाविक हैं। परिवार जीवन पाप पुण्य,जन्म -पुनर्जन्म मुक्ति का मार्ग के अतिरिक्त कलात्मक लालित्य संगीत,स्थापत्य, चित्रकला ,नृत्य और काव्यकला भी संस्कृति के मूल तत्वो के अंतर्गत आते हैं।ये तत्व ही संस्कृति के मूलधार है। कलाएं सभ्यता के विकास के साथ साथ विकसित होती हैं।संगीत भी एक कला होने के कारण समय समय पर संस्कृति से प्रभावित होती रही हैं।

*विषय सूची*

1. संगीत एवं संस्कृति की परिभाष .2 भारतीय संस्कृति व संगीत का संक्षिप्त इतिहास .3 भारत के कुछ धर्म सम्प्रदायो मे धार्मिक संगीत .4 लोकजीवन मे सांगीतिक तत्व .5 रचनाएँ व उनका स्वरांकन .उपसंहार . संद .परिशिष्ठर्भ ग्रंथ सूची.

14. MANKAND (Bhavik Prashant)

**Analytical Study of the Synthesis of Elements of Gharanas in Gayaki of Some Prominent Musicians (With Reference to Gwalior, Agra and Jaipur Gharanas).**

Supervisor: Prof. Ojesh Pratap Singh

Th 25833

*Abstract*

Khayal, the most popular form of Indian Classical Music prevalent today, offers a great scope for creative liberties to its practitioners. The flexibility of such a canvas led to the development and propagation of various pedagogical lineages, particularly in the second half of the nineteenth century. Each such tradition, known as 'Gharana', and differing primarily in content, techniques and presentational ways, garnered widespread following. The prominent Khayal traditions among them include Gwalior, Agra, Jaipur-Atrauli, Kirana, and Patiala, and their offshoots. Attracted by this aesthetic diversity, numerous musicians learnt under multiple schools, blended their elements, and created a style of their own. While the synthesis of the styles began long back, the twentieth century witnessed such amalgamations on a larger scale. Pandit Gajananbuwa Joshi, Pandit Babanrao Haldankar, Pandit Yeshwantbuwa Joshi, and Pandit Ram Marathe, are some of the most notable vocalists, who learnt under leading representatives of the Gwalior, Agra, and JaipurAtrauli idioms, and offered unique styles of their own. This homogenous amalgamation had

elements from each of these Gharana-s, combined with a personal touch. This study aims to understand the aesthetic values practiced within each of these three traditions, along with an in-depth analysis of the music of these veteran musicians. The study takes into consideration their training, a general musical analysis of their style, their teaching techniques, and composing prowess, followed by a detailed breakdown and study of some of their recordings

*Contents*

1. Brief history and salient features of Gwalior, Agra and Jaipur gharana-s 2. Pandit Gajanbuwa Joshi: analysis of his music 3. The musical style of Pandit Babanrao Haldankar 4. Analysis of Pandit Yeshwantbuwa Joshi's gayaki 5. Analysis of the gayaki of Pandit Ram marathe. Conclusion. Appendices. Bibliography.

15. मुकेश कुमार
**डुग्गर क्षेत्र मे प्रचलित संस्कार एवं पर्व – त्योहार संबंधी लोक – गीतो का अध्ययन ।**
निर्देशक: प्रो. राजीव वर्मा
Th 25848

*सारांश*

भारत एक समृद्ध एवं सांस्कृतिक युक्त देश है। यहाँ के विभिन प्रदेशों मे भिन्न -भिन्न धर्म, भाषा एवं रीति -रिवाज देखने को मिलते है । यही विशेषता भारतीय संस्कृति और सभ्यता का आधार है। यहा के प्रत्येक क्षेत्र की संस्कृति एवं सभ्यता अत्यधिक समृद्ध एवं गौरवमीय परंपरा से ओत-प्रोत हैं। इसमे भारत का सिकंदर जम्मू-कश्मीर भी अपनी विशिष्टता एवं संस्कृति के कारण सम्पूर्ण विश्व भर मे प्रसिद्ध हैं।जम्मू – कश्मीर राज्य तीन क्षेत्रों जम्मू ,कश्मीर एवं लद्दाख मे विभाजित हैं। इन तीनों क्षेत्रों की अपनी -अपनी विशिष्ट संस्कृति एवं सामाजिक पृष्टभूमि है। जम्मू प्रांत मे अनेक भाषाएँ बोली जाती है जैसे – डोगरी ,पुंछी ,भद्रवाही, गोजरी इत्यादि किन्तु जम्मू के जिन देशो मे डोगरी भाषा बोली जाती है , उसे डुग्गर के नाम से भी जाना जाता है। डोगरी भाषा के लोकगीत अपरितम है जो सामाजिक भवनो को प्रकट करने एवं उनकी आंतरिक भावनाओ को दूसरों के सम्मुख उद्घाटित करने का सशक्त साधन हैं।

*विषय सूची*

1. डुग्गर क्षेत्र व इसकी भोगोलिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पृष्टभूमि 2. डुग्गर क्षेत्र कालोक संगीत 3. डुग्गर क्षेत्र मे प्रचलित संस्कार लोक गीतो का विश्लेषणात्मक अध्ययन 4. डुग्गर क्षेत्र मे प्रचलित पर्व त्योहार संबंधी लोकगीतो का अध्ययन 5. डुग्गर क्षेत्र के कुछ संस्कार एवं पर्व त्योंहार संबंधी लोकगीत 6. डुग्गर क्षेत्र के प्रतिनिधि लोक गायको व वादको का संक्षिप्त जीवन परिचय व साक्षात्कार. उपसंहार. संदर्भ ग्रंथ सूची.

16. MADAN (Megha)
**Evolution of Printmaking in India- A Post-Colonial Perspective.**
Supervisors: Prof. B.S. Chauhan and Mrs. Kavita Nayar
Th 25844

*Abstract*

The thesis asks the central questions – 'How the art of printmaking evolved from being a technical means of mass production to a medium of pure artistic expression in the post colonial period in India?" and 'what were the challenges faced by the artists who were passionate about printmaking, to pursue it during and after college, and after college, and how did they cope with them, and what were their inspirations?' The research aims to give a detailed account of the growth of printmaking in an independent nation and how Indian artists as community forged ahead in the modernist society to express themselves using fine art mediums. The medium of printmaking will be the central aspect of this research while tracing its practice and growth in India. This research will cover the establishment of printmaking departments in various institutes and community studios through the efforts of artists who were keen to take printmaking forward and saw a huge scope in this medium and its aesthetics.

*Contents*

1. Introduction 2. Printmaking initiatives in independent India (1947-1960) 3. Development in printmaking during 1960-1980 4. New approach in art- printmaking from 1980-2000 5. Latest trends in Indian printmaking. Conclusion. Bibliography. Certificates. Appendix.

17. मुनीश शंकर

**तबला वादन मे दिल्ली घराने के तबला वादको का योगदान एक विवेचनात्मक अध्ययन ।**

निर्देशक: प्रो. राजीव वर्मा

Th 25851

*सारांश*

भारतीय शास्त्रीय संगीत मे अवन्द्धध वाधों का प्राचीन काल से ही एक विशिष्ट स्थान रहा है। जिसमे आधुनिक तबला वाध की एक विशिष्ट परंपरा का इतिहास है । जोकि विश्व संगीत मे भी अपनी विशिष्ट महत्वता का घोतक है। भारतीय संगीत के संदर्भ मे तबला वाध के प्रमाण हमे वेदों ,ग्रंथो, पुरानो धार्मिक कथाओ तथा साहित्य संदर्भ मे प्रमाण सहित प्राप्त होते है। यदि तबला वाध के प्राचीनतम स्वरूप पीआर दृष्टिपात किया जाए तो उसके प्रमाण हमे त्रिपुष्कर, एवं द्विपुष्कर के रूप मे प्राचीन वेदों एवं ग्रंथो मे प्रचुर मात्रा मे प्राप्त होते है। ऐतिहासिक संदर्भों एवं विद्वानो के तथ्यों के आधार पर यह कहा जा सकता है के मध्य काल के चित्रो मे प्राप्त तबला वाध एवं मध्यकालीन इतिहास सामग्री मे तबला मे कही कुछ संबंध है। जो की विभिन विद्वानों के मतो से संबन्धित है। जिसका प्रस्तुत शोधकार्य मे विस्तार सहित वर्णन करने का प्रयास किया जाएगा।

*विषय सूची*

तबला वाध की उत्पत्ति ,इतिहास एवं विकास क्रम 2. दिल्ली घराने मे तबला वाध के विशेष संदर्भ मे घराना 3. तबला वादन के क्षेत्र मे दिल्ली घराने से संबन्धित विभिन घराने एवं दिल्ली घराना 4. दिल्ली घराने से संबन्धित प्राचीन लोकप्रिय रचनाएँ एवं अन्य घरानो पर उनका प्रभाव 5. दिल्ली घराने के तबला वादको का जीवन परिचय 6. तबला वादन के क्षेत्र मे दिल्ली घारने के तबला वादको का विवेचनात्मक अध्ययन. उपसंहार. संदर्भ ग्रंथ सूची. परिशिष्ट.

18. रूहेला (रचना)
**मुरादाबाद एवं बदायूँ क्षेत्र के प्रमुख शास्त्रीय गायको का योगदान ।**
निर्देशक: प्रो. ओजेश प्रताप सिंह
Th 25845

*सारांश*

उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत के गेय विधाओं मे खयाल विधा निःसन्देह सर्वाधिक लोकप्रिय एवं प्रचलित है । ख़्याल विधा के प्रचार एवं प्रसार मे गुरु शिष्य परंपरा से उद्‌भूत विभिन्न घरानों का व्सिहेश एवं अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है । विभिन्न विद्वान गायको की विशिष्ट गायकी अर्थात गायन शैली का पीढ़ी दर पीढ़ी शिष्य वंश द्वारा निर्वाह किए जाने पर घरानों की स्थापना होती आयी है । यथा इसी आधार पर ख़्याल गायकी के ग्वालियर आगरा ,पटियाला ,किरनई ,जयपुर ,अतरौली,रामपुर-सहसवान इत्यादि घराने अस्तित्व मे है। इन सभी घरानों के कलाकार अपनी विशिष्ट गायन शैली का प्रचार प्रसार करते आ रहे है। इन घरानों का नामकरण इनके परवर्तक गायक कलाकारो के जन्मभूमि अथवा कर्मभूमि का परिचायक है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश राज्य के मुरादाबाद और बदायूँ क्षेत्र भी हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखते है।

*विषय सूची*

1. मुरादाबाद एवं बदायूँ क्षेत्र का भौगोलिक एवं ऐतिहासिक पृष्टभूमि एवं सांस्कृतिक परिचय 2. मुरादाबाद एवं बदायूँ क्षेत्र से उद्‌भूत ख्याल के घराने 3. मुरादाबाद क्षेत्र के प्रमुख शास्त्रीय गायक 4. बदायूँ क्षेत्र के प्रमुख शास्त्रीय गायक 5. मुरादाबाद एवं बदायूँ क्षेत्र के प्रसिद्ध गायको की कुछ रचनाएँ . उपसंहार . संदर्भ ग्रंथ सूची.

19. रस्तौगी (वंशिका)
**हिंदुस्तानी एवं कर्नाटक संगीत मे वादी -संवादी की अवधारणा- एक तुलनात्मक अध्ययन ।**
निर्देशिका: प्रो. सुनीरा कासलीवाल व्यास
Th 25846

*सारांश*

'वादी-संवादी' अवधरणा पर यह शोध् प्रबंध् आधरित है। यह 'वादी-संवादी' जोड़ी सिद्धांत रूप' और 'राग लक्षण' दोनों वेफ रूप में प्रयोग की जाती है। जब यह 'वादी-संवादी' सिद्धांत रूप में प्रयोग किया जाता है तब इसका अर्थ होता है कि किन्हीं भी दो स्वरों में नव-त्रायोदश श्रुत्यांतर होने पर वह संवाद भाव उद्वेलित करेंगे तथा जब यह राग लक्षणों रूप में प्रयोग होते है तो वहाँ वादी स्वर का अर्थ होता है-राग का सबसे महत्व का स्वर तथा संवादी का अर्थ होता है-राग का द्वितीय महत्वपर्ण स्वर। जब यह राग लक्षणों रूप में प्रयोग होते हैं तब इन दोनों स्वरों में से यदि एक पूर्वांग में होता है तो दूसरा उत्तरांग में। इन्हीं दोनों स्वरों को केंद्र बना कर रागों को गाया-बजाया जाता है।

*विषय सूची*

1. भारतीय संगीत मे संवाद 2. हिंदुस्तानी एवं कर्नाटक संगीत मे वादी -संवादी का अध्ययन 3. हिंदुस्तानी संगीत मे प्रचलित कर्नाटक राग और उनमे वादी संवादी का प्रयोग 4. हिंदुस्तानी एवं कर्नाटक संगीत मे समान स्वरावली वाले रागों मे वादी -संवादीत्व का अध्ययन एवं तुलना 5. साक्षात्कार. उपसंहार . परिशिष्ट. संदर्भ ग्रंथ सूची .

20. श्रीवास्तवा (साक्षी)

**उत्तर प्रदेश के लोकनाटय परंपरा " नौटंकी ' मे भारतमुनी कृत नाट्यशास्त्र के सांगीतिक तत्व-एक अध्ययन।**

निर्देशिका: डॉ॰ प्रेरणा अरोड़ा

Th 25831

*सारांश*

लोक नाट्य अपने अनेक रूपों में जनता के सम्मुख आता रहा है। विभिन्न प्रदेशों में इसके विभिन्न रूप प्रयुक्त रहे हैं। सांग–स्वांग, संगीत एवं नौंटकी आदि शब्द अपने स्थान विशेष की विशेषताओं को लेकर एक ही लोक–नाट्य रूप के लिए प्रयुक्त होते रहे हैं। प्रायः सभी विद्वान स्वांग और नौंटकी में कोई भेद प्रस्तुत नहीं करते। भेद प्रस्तुत करने का कोई आधार भी दिखाई नहीं देता, किन्तु नौंटकी एवं स्वांग को एक ही नाट्य रूप मान लेने पर सबसे बड़ी कठिनाई यह आती है कि स्वांग शब्द के रहते हुए भी नौटंकी शब्द का प्रयोग उसी विधा के लिए क्यो ं हुआ? संभवतः नौंटकी बहुत बाद की वस्तु है और रीतिकालीन जनता के मनोरंजनार्थ श्रृंगारपरक कथाओं का` अभिनीत करने के लिए होता रहा है। ''नौंटकी'' पंजाब की एक सुंदरी नायिका थी। उसके जीवन वृत्त पर लिखा गया स्वांग इनता अधिक सफल हुआ कि बाद में जो अन्य स्वांग भी उस शैली में लिखे गये, वे भी नौंटकी कहे जाने लगे और यह कथा सभी निकटवर्ती जनपदों में पहुँच गई। भरत मुनि के नाट्यशास्त्र में स्वयं ब्रह्मा नाट्य की परिभाषा देते हुए कहते हैं कि नाट्य के तीनों लोकों के भावों में अनुकीर्तन है तथा लोक के सुख–दुःख से उत्पन्न अवस्था का अभिनय है। अतः मैने ं अपने भोध कार्य को मुख्य रूप से पांच अध्यायों में विभक्त किया है तथा सभी अध्यायों के अर्न्तगत कुछ उपाध्याय सम्मिलित करते हुये अपना शोध कार्य सुचारू रूप से पूरा किया है। शोध कार्य का उद्देश्य :– हमारी संस्कृति में प्राचीन परम्परा के अनेक तत्व आज भी विद्यमान हैं यद्यपि समय ने उन्हें धूमिल कर दिया है। उन अवशेषों के आधार पर लोकरूप और शास्त्रीय रूप एक दूसरे से सर्वथा भिन्न ही माने जाने चाहिए। उनमें भिन्नता अवश्य है, किन्तु वे एक दूसरे के पूरक भी है, और परम्परा विरोधी होने के अपेक्षा वे एक दूसरे पर आश्रित अधिक है। भरत के समय से ही हमारे शास्त्रकार इस निरंतरता के प्रति सजग थे, और उन्हें एक ऐसा प्रतिमान प्रदान किया है जो आज भी मान्य है। भरत के इसी प्रतिमान के स्वरूप का प्रमाण एवं तथ्यों को प्राप्त करने की मेरी इच्छा लोकनाट्य 'नौटंकी' के परिपेक्ष्य में जागृत हुई, अध्ययन के दौरान मुझे संगीत के विभिन्न पहलुओं का आभास हुआ और इसके शास्त्र–पक्ष का प्रयोग–पक्ष से संबंध ज्ञात करने की जिज्ञासा हुई। तत्पश्चात् गायन वादन के सम्बद्ध प्रयोग के साथ नाट्यकला में रूचि बढ़ी। मैंने अनेक ग्रन्थों के अध्ययन के साथ–साथ गुरूजनों और विद्वतजनों से चर्चा की और मन में अनेक प्रकार के प्रश्न उठते रहे जैसे लोकनाट्य का आधार क्या है?संगीत का प्रयोग लोकनाट्यों में किस रूप मे ं हो रहा है? लोकनाटयो ं की विविध शौलियां वर्तमान समय में किस किस रूप में प्रचलित है ं इत्यादि। अतः इस जिज्ञासा को शांत करने के लिए मैंने इस विषय के लिए एक शीर्षक चुना और उस शोधकार्य करने का निश्चय किया जिसका विषय है– उत्तर प्रदेश के लोकनाट्य परंपरा ''नौटंकी'' में भरत में नाट्यशास्त्र के संगीतिक तत्व–''एक अध्ययन'' ।

*विषय सूची*

1. लोकनाट्य परंपरा 2. संगीत परंपरा 3. उत्तर प्रदेश की लोकनाटय परंपरा नौटंकी 4. नौटंकी का साहित्यिक एवं नाट्यशास्त्रीय विवेचन 5. नौटंकी में मंच प्रदर्शन एवं वर्तमान सामाजिक स्थिति. उपसंहार . संदर्भ ग्रंथ सूची . परिशिष्ट. शोधपत्र.

21. श्यामा कुमारी
**राग बाहर एवं उसके विभिन्न प्रकारो का विश्लेषणात्मक अध्ययन ।**
निर्देशिक: प्रोफ॰ शैलेंद्र कुमार
Th 26473

*सारांश*

राग बाहर अत्यंत श्रुति मनोहर लोकप्रिय राग है। यह ऋतु प्रधान , मधुर, भावनापूर्ण , उत्साह प्रेरक युवा प्रकृति का राग है। शरद एवं शिशिर ऋतु के कारण वृक्ष, बेल, लताएँ जो की आवरण विहीन हो जाती है, बसंत ऋतु आकार उन्हे नए वस्त्र धारण करवाती है । राग बहादुर के श्रवण से प्रकृति के नव जीवन का आभास होता है । राग बहादुर के साहित्यिक स्वरूप को देखने पर हमे प्राप्त होता है कि राग बहार मे विभिन्न साहित्यिक विषयो पर आधारित रचनाएँ प्राप्त होती है। जैसे भाषा संबंधी ऋतु संबंधी ,रासो पर आधारित रचनाएँ प्राप्त होती है। विभिन संगीत संबंधी साहित्यों पर आधारित रचनाएँ भी हमें इस राग मे प्राप्त होती हैं।

*विषय सूची*

1. राग बाहर का संक्षिप्त ऐतिहासिक विवेचन 2. राग बाहर मे निर्मित विभिन रचनाओ का साहित्यिक विश्लेषण 3. राग बाहर के प्रचलित प्रकारो का सांगीतिक विश्लेषण 4. राग बाहर के अप्रचलित प्रकारो का सांगीतिक विश्लेषण (भाग – 1) 5. राग बाहर के अप्रचलित प्रकारो का सांगीतिक विश्लेषण ( भाग -2). उपसंहार. संदर्भ ग्रंथ सूची. परिशिष्ट.

22. शुभम कुमार
**झारखंड की लोक गेयविधाएँ ।**
निर्देशिका: डॉ॰ नीता माथुर
Th 25843

*सारांश*

झारखण्ड की लोक गेयविधाएँ व्यापक एवं विशाल है। जितना वनों एवं जंगलों से आच्छादित यह राज्य है उतने ही सुंदर एवं सहज यहाँ के लोकगीत है ं। झारखण्ड के आदिवासियों के मन में किसी भी प्रकार का छल कपट नहीं होता एवं इस कारण जब वे लोकगीतों को गाते हैं तो वह सीधा मन के तारों को झकझोर देता है एवं आनंद से भर देता है। इस शोध का उद्देश्य झारखण्ड की लोक गेयविधाओं को समाज के समक्ष रखना एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इसे पहुँचाना है। इस शोध प्रबंध को चतुर्थ अध्याय में विभक्त किया गया है– प्रथम अध्याय के अंतर्गत झारखण्ड की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के साथ उसके भौगोलिक एवं खनिज पदार्थों पर चर्चा की गई है। इसके अलावा भिन्न–भिन्न जनजातियों एवं उनके भाषाओं का संक्षिप्त

जानकारी दी गई है। झारखण्ड में किस प्रकार से पर्व–त्योहारों को मनाया जाता है उसका भी वर्णन इस अध्याय में किया गया है।

*विषय सूची*

झारखंड : एक अवलोकन 2. झारखंड की लोक गेयविधाएँ 3. झारखंड लोकगीत के प्रसिद्ध कलाकार एवं उनका परिचय 4. लोकगीत मे प्रयुक्त होने वाले वाध एवं उनका वर्गीकरण. उपसंहार। संदर्भ-ग्रंथ सूची।

23. सिंह (दीपक)
**बहुमुखी प्रतिभा के धनी पं . जितेंद्र अभिषेकी: एक अध्ययन ।**
निर्देशिका: प्रो. शालिनी ठाकुर
Th 26473

*सारांश*

पं. जितेंद्र अभिषेकी जी एक उच्च कोटि के गायक के साथ साथ एक उत्तम वाग्गेयकार संगीत निर्देशक तथा एक आदर्श गुरु इत्यादि भूमिकाओ मे संगीत जगत मे प्रख्यात है। पं॰ जी ने न केवल शास्त्रीय संगीत मे बल्कि उपशास्त्रीय संगीत तथा नाट्य संगीत मे भी अमूल्य कार्य किए। पं॰ जितेंद्र अभिषेकी द्वारा रचित रचनाएँ , संगीत निर्देशन इत्यादि ने दर्शको का ध्यान नाट्य संगीत की और आकर्षित किया। पं॰ जी ने शास्त्रीय संगीत के ख्याल गायन शैली में प्रचलित और अप्रचलित रागो में लगभग 50 बंदिशों का सृजन किया। जिससे आज भी उनके शिष्य तथा अन्य कलाकार गाते हैं। संगीत जगत मे उनके द्वारा किए गए बहुमुखी योगदान के लिए संगीत जगत मे उनका नाम स्वर्णिम अक्षरो मे अंकित रहेगा।

*विषय सूची*

1. पं॰ जितेंद्र अभिषेकी का जीवन परिचय, गायकी एवं व्यक्तित्व 2. वाग्गेकार तथा कलाकार के रूप मे पं॰ जितेंद्र अभिषेकी 3. संगीत जगत में अन्य योगदान 4. पं॰ जितेंद्र अभिषेकी द्वारा रचित बंदिशों का विश्लेषणात्मक अध्ययन 5. आदर्श गुरु के रूप मे पं॰ जितेंद्र अभिषेकी. उपसंहार। परिशिष्ट. संदर्भ ग्रंथ सूची

24. SANDHU (Manmeet)
**Ephemera and Ephemeral as Material in Indian Contemporary Art.**
Supervisors: Dr. Kumar Jigeeshu and Prof. Jyotika Sehgal
Th 25837

*Abstract*

The research theme builds on ephemera and ephemeral material in art, focusing on contemporary Indian art. It is an exploration and study into the artworks that have used temporary or short-lived material, as in substance and matter (ranging from perishable items-food, nature, bodily fluids, and natural elements) and artworks that have used the 'temporary' or ephemeral as conceptual or intellectual material. Such works of art either cease to exist or transform their 'original' appearance after their display or exhibition in public. The idea is manifested in a variety of art forms from performative art, installations, sculptures, paintings, participative and socially engaged arts, and so on. The research work includes a historical investigation to find the reasons for the emergence of ephemeral into

the mainstream art practice. The focus of historical inquiry ranges from the everyday cultural practices in India, art related developments in Europe - America and Asian countries from the 1960s onwards, globalisation and its impact in the 1990s in India and abroad. The inquiry culminates with studying the presence of ephemeral in Indian Contemporary art, which encapsulates the formative stage of the early 1990s to the shift towards the ideological approach on ephemeral in the form of participatory, performative, and interactive in art. The thesis also looks into the transformation of the meaning ephemeral over the years by analysing relevant artworks from the artists and art movements that engage with the same idea. Hence, studying the reasons behind the emergence of ephemerality in West and India, derives the thesis to the primary research objective- to find the relevance of ephemerality in contemporary art in India. The research theme looks at ephemerality as material in art, hence a parallel enquiry opens up into materiality and the term's evolving referential parameter in art, informing the research methodology too.

*Contents*

Introduction 2. Origin and history 3. Dematerialization of art as an object 4. Indian art and 1999s 5. Conclusion. References. Bibliography. List of figures. Appendix.

25. हाशमी (सबा)
**हिंदुस्तानी संगीत के टप्पा गायन विधा : उत्पत्ति, विकास एवं वर्तमान स्वरूप ।**
निर्देशक: प्रो॰ ओजेश प्रताप सिंह
<u>Th 25847</u>

*सारांश*

हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के एक अत्यंत कठिन गायन शैली है टप्पा । टप्पा का अर्थ है - उछलना,कूदना, लगाना,टापना । भारतीय संगीत की विधाओ मे टप्पा चमत्कार युक्त आकर्षक गान शैली है। टप्पा गान कठिन होता है, इसको गाने के लिए विधिवत अभ्यास से गले को विशिष्ट प्रकार से तैयार करना पड़ता है। इस विद्या की उत्पत्ति 18वी शताब्दी मे हुई हैं।ध्रुपद, धमार एवं खयाल की अपेक्षा इसकी बनावट संक्षिप्त अवश्य होती है परन्तु इससे गान के लिए गुरुओ से विधिवत शिक्षा एवं गले की तैयारी की आवश्यकता होती हैं। जिनके गले मे मुर्की, खटका के साथ सपाट लेने की क्षमता होती है,वे गायक ही टप्पा अच्छा गा सकते हैं। एक संगीत विधार्थी तथा श्रोता के रूप मे मुझे टप्पा विशेष आकर्षित करती रही है। छोटी छोटी दानेदार तानो, मुर्की तथा खटको के सुंदर प्रयोग के कारण टप्पा गायकी का एक विशेष स्थान हैं। टप्पा गायन मे निपुणता के लिए गायक को विशिष्ट प्रकार से गला तैयार करना पड़ता हैं। कष्टसाध्य तथा जटिल होने के कारण यह आकर्षण गान विधा अब लुप्त होती जा रही हैं। इस कठिन किन्तु आकर्षक शास्त्रीय गान विधा के विषय के अध्ययन की दृष्टि से ही मैंने शोध के लिए टप्पा विषय का चयन किया। इस शोध प्रबंध मे टप्पा गायन विधा की प्रकृति के विषय मे जानकारी उपलब्ध की गयी हैं। टप्पा अधिकतर श्रृंगार रस की शैली है परन्तु कई विद्वान इससे भक्ति रस का बताकर ईश्वर या अल्लाह से भी जोड़ते हैं।

*विषय सूची*

1. टप्पा गायन विधि 2. बंगाल मे  टप्पा गायन विधि का प्रचार 3.  टप्पा तथा अन्य गेय विधाओ का सम्मिश्रित स्वरूप 4. वर्तमान मे टप्पा गायन की स्थिति तथा कतिपय कलाकारो का  परिचय 5. टप्पा की कतिपय बंदिशे. उपसंहार. संदर्भ ग्रंथ सूची.